https://www.civilaviation.gov.in/

सं. एवी-31021/1/2023-सी एंड डब्ल्यू
भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
*******

राजीव गांधी भवन, बी-ब्लॉक,
सफदरजंग हवाईअड्डा, नई दिल्ली

13 जून, 2023

अधोहस्ताक्षरी को मई, 2023 माह की प्रमुख गतिविधियों और इस दौरान लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों के संबंध में नागर विमानन मंत्रालय के मासिक सारांश को सूचनार्थ परिचालित करने का निदेश दिया गया है।

(सत्येंद्र कुमार मिश्रा)
संयुक्त सचिव, भारत सरकार

सत्येन्द्र मिश्रा / S.K. Mishra
संयुक्त सचिव / Joint Secretary
नागर विमानन मंत्रालय / Ministry of Civil Aviation
भारत सरकार / Govt. of India
नई दिल्ली-110003 / New Delhi-110003

सेवा में

1. मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य
2. प्रेस सूचना अधिकारी (पीआईओ), सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली।

सारांश की एक प्रति के साथ, निम्नलिखित को अग्रेषित:-

1. सचिव, दूरसंचार विभाग, संचार भवन, नई दिल्ली।
2. सचिव, विधायी विभाग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली।
3. सचिव, शिक्षा विभाग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली।
4. सचिव, सांख्यिकी विभाग, सरदार पटेल भवन, नई दिल्ली।
5. सचिव, वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग, अनुसंधान भवन, रफी मार्ग, नई दिल्ली।
6. सचिव, शहरी विकास मंत्रालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली।
7. सचिव, रक्षा उत्पादन विभाग, साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली।
8. सचिव, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली।
9. सचिव, युवा मामले और खेल मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली।
10. सचिव, पर्यटन विभाग, परिवहन भवन, नई दिल्ली।
11. सचिव, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग विभाग, परिवहन भवन, नई दिल्ली।
12. सचिव, पोत परिवहन विभाग, परिवहन भवन, नई दिल्ली।

13. मंत्रिमंडल सचिवालय (संयुक्त सचिव), राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।

**सारांश की प्रति सहित प्रतिलिपि निम्नलिखित को भी अग्रेषित:-**

1. निदेशक (एम एंड सी), नागर विमानन, पीआईबी, शास्त्री भवन, नई दिल्ली।
2. इकाओ परिषद को आरओआई, 999, यूनिवर्सिटी स्ट्रीट, सुइट 14.30, मॉन्ट्रियल क्यूबेक, कनाडा H3C5J9

# मई, 2023 माह की विस्तृत मासिक सूचना

माह के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियां:

## नागर विमानन मंत्रालय

1. उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री एवं माननीय नागर विमानन मंत्री द्वारा 26.05.2023 को उत्तर प्रदेश के कानपुर (चकेरी) हवाईअड्डे पर नए सिविल एन्क्लेव का उद्घाटन किया गया।

2. सचिव (नागर विमानन) की अध्यक्षता में नागर विमानन मंत्रालय का एक प्रतिनिधिमंडल, जिसमें मंत्रालय और नागर विमानन महानिदेशालय के अधिकारी शामिल थे, ने 30 मई से 1 जून, 2023 तक सियोल, कोरिया में दूसरे आईसीएओ वैश्विक कार्यान्वयन समर्थन संगोष्ठी (जीआईएसएस) 2023 में भाग लिया। प्रतिनिधिमंडल ने जीआईएसएस 2023 के दौरान कोरियाई पक्ष के साथ विमान सेवा मामलों पर एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए।

3. मंत्रालय ने विशेष परिस्थितियों में अफगानिस्तान, तुर्की और श्रीलंका से चार्टर उड़ानों के प्रचालन की अनुमति प्रदान की।

4. आठ सौ तिरासी ड्रोन पंजीकृत किए गए और विशिष्ट पहचान संख्या (यूआईएन) जारी की गई।

5. चार सौ अड़तालीस रिमोट पायलट सर्टिफिकेट जारी किए गए।

6. छह नए दूरस्थ पायलट प्रशिक्षण संगठन (आरपीटीओ) शुरू हुए।

7. दो नए आरसीएस मार्ग शुरू हुए।

8. एआई कार्गो लॉजिस्टिक्स एंड एलाइड सर्विसेज कंपनी लिमिटेड (एआईसीएलएएस) ने निम्नलिखित हवाईअड्डों पर कार्गो संचालन शुरू किया:

   i. दिनांक 25.05.2023 को विनियमित एजेंट (आरए) के साथ इंदौर में घरेलू विमान कार्गो टर्मिनल।.
   ii. दिनांक 02.05.2023 को मैंगलोर हवाईअड्डे पर विनियमित एजेंट (आरए) के साथ अंतर्राष्ट्रीय विमान कार्गो संचालन।
   iii. दिनांक 19.05.2023 को दरभंगा हवाईअड्डे पर अंतरिम सेटअप से घरेलू विमान कार्गो संचालन।
   iv. विदेशी विमान कार्गो प्रचालनों के लिए मैसर्स इंडिगो द्वारा एयरलाइन सेल्फ-हैंडलिंग के माध्यम से निम्न पर विमान कार्गो आवाजाही प्रारंभ की::

क. पटना: 23.05.2023
ख. हुबली: 23.05.2023

**नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए)**

क. (i) 2170 – जारी की गई उड़ान क्लियरेंस की कुल संख्या (पर्यटक चार्टर उड़ानों सहित)
(ii) 02 – जारी की गई पर्यटक चार्टर उड़ान क्लियरेंश की कुल संख्या
(iii) 02 – नवीनीकृत एओसी की संख्या (अनुसूचित प्रचालक)
(iv) 02 – नवीनीकृत एओसी की संख्या (अनुसूचित कम्यूटर प्रचालक)
(v) 02 – नवीकृत एओपी की संख्या (गैर-अनुसूचित प्रचालक)
(vi) 01 – नवीकृत प्रचालनरत परमिटों (राज्य सरकार/पीएसयू) की संख्या
(vii) 22 – विमान के आयात/स्थानीय अधिग्रहण के लिए जारी अनुमतियों की संख्या
(viii) 13 – अनुसूचित/गैर-अनुसूचित प्रचालक के एओसी/एओपी पर अनुमोदित विमानों की संख्या

ख. 11 एफएटीए (प्रारंभिक), 10 एफएटीए (विस्तार) और 442 अनुमोदन ओपन रेटिंग सहित 1349 लाइसेंस/रेटिंग जारी किए गए।

**नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस)**

i. हवाईअड्डों के संपादित किये गए सुरक्षा ऑडिटों की संख्या:- 06
ii. हवाईअड्डों के संपादित किए गए सुरक्षा निरीक्षणों की संख्या:- 09
iii. संपादित की गई सुरक्षा निगरानियों/सरप्राइज चैकों की संख्या:- 43
iv. सुरक्षा प्रणाली की दक्षता का परीक्षण करने के लिए संपादित किए गए सुरक्षा परीक्षण:- 36
v. हवाईअड्डों के संपादित किए गए सुरक्षा सर्वेक्षणों की संख्या:- 04
vi. हवाईअड्डों की संपादित की गई सुरक्षा जांच की संख्या:- 62
vii. 2576 व्यक्तियों के लिए 50 विमानन सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम संपादित किए गए।
viii. 182एसओपी/निजी/एनएसओपी/एएसपी/कंसेसियानायर/कैटरिंग/आरए/एफएफएसपी/जीएचए/ एफटीओ को सुरक्षा कार्यक्रम की स्वीकृति दी गई।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई)

क. हवाईअड्डा सेवा गुणवत्ता (एएसक्यू) सर्वेक्षण

मई, 2023 के दौरान, एएआई के 15 हवाईअड्डों पर एएसक्यू सर्वेक्षण सफलतापूर्वक संपादित किया गया।

ख. ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण

मई, 2023 के दौरान, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के 21 हवाईअड्डों और 1 कार्गो टर्मिनल पर ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण सफलतापूर्वक संपादित किया गया।

अलायंस एयर एविएशन लिमिटेड

क. अलायंस एयर ने निम्नलिखित मार्गों पर नई उड़ाने प्रारंभ की:-

i. दिनांक 22.05.2023 को दिल्ली/जयपुर/अहमदाबाद/जोधपुर और वापस।

ख. दैनिक आधार पर 138 प्रस्थानों के साथ अलायंस एयर दिनांक 31.05.2023 को 59 स्टेशनों के लिए प्रचालन कर रही है।

रेलवे सुरक्षा आयोग (सीआरएस)

क. आयुक्तों द्वारा 194.85 किमी की लंबाई के लिए दोहरीकरण/बहुल लाइन/नई लाइन/आमान परिवर्तन के नेटवर्क विस्तार संबंधी कार्य के 17 सांविधिक निरीक्षण किए गए और प्राधिकरण जारी किए गए और इस प्रकार वर्ष 2023-24 के दौरान इन कार्यों का संचयी योग 267.11 कि.मी. है।

ख. 111 लघु कार्यों को मंजूरी दी गई थी और रेलवे बोर्ड की मंजूरी के लिए रोलिंग स्टॉक के 2 मामलों को अनुशंसित किया गया है।

****